भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राष्ट्रीय कौशल विकास निधि तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, 16.06.2016 श्री अशोक गजपति राजू, माननीय नागर, विमानन मंत्री, श्री राजीव प्रताप रुड़ी, माननीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री राजीव नयन चौबे, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय तथा एमएसडीई के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विभिन्न विमानन उद्योगों के प्रतिनिधियों, सरकारी संगठनों व मीडिया की उपस्थिति में 8 जून, 2016 को होटल ताज मानसिंह में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राष्ट्रीय कौशल विकास निधि (एनएसडीएफ) तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

श्री ए.के.दत्ता, सदस्य (एएनएस/प्रचालन) ने भाविप्रा की ओर से, श्री जयंत कृष्ण, सीईओ, एनएसडीसी तथा श्री राजेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव, एऩएसडीई, भारत सरकार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से तीन वर्षों की अवधि हेतु भाविप्रा रु 525.00 लाख की निधि उपलब्ध करवाएगा। 2016-17 के दौरान एनएसडीएफ को रु 125 लाख की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी तथा अगले दो वर्षों में " कौशल विकास केन्द्र तथा कौशल युवा को स्थापित" करने में रु 200.00 लाख दिए जाएगें। भाविप्रा अपनी सीएसआर निधि एनएसडीएफ को देगा तथा एनएसडीसी परियोजनाओं का प्रबंध करेगा तथा अपने अनुमोदित प्रशिक्षण साझीदारों के माध्यम से इसे लागू करेगा। कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के प्रयोजन से भाविप्रा अपने विभिन्न हवाईअड्डों की अवसंरचनात्मक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा बशर्ते यह उपलब्ध हों। भाविप्रा स्वंय अथवा ठेके पर ली गई जनशक्ति हेतु "पूर्व शिक्षा की मान्यता(आरपीएल)" के अंतर्गत भाविप्रा प्रमाणन भी देगा। इसके अलावा, ऐसे प्रभावित लोगों हेतु जिनकी भूमि भाविप्रा की परियोजनाओं हेतु अधिग्रहित कर ली गई है, के लिए भाविप्रा आजिविका के चिन्हित क्षेत्रों में कौशल विकास के प्रशिक्षण हेतु प्रयोजक बनेगा।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री राजीव प्रताप रुड़ी, माननीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने भाविप्रा की पहल की प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की कि ऐसी पहलों का अन्य मंत्रालय भी पालन करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए माननीय नागर विमानन मंत्री ने युवाओ को कौशल प्रशिक्षण देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, जो विभिन्न क्षेत्रों में कौशल जनशक्ति की अपेक्षओं को पूर्ण करेगा।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,

सं. 15/2016-17

श्री पुसापति अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री राजीव प्रताप रुड़ी, माननीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा श्री राजीव नयन चौबे, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय की उपस्थिति में श्री ए.के. दत्ता, सदस्य (एएनएस/प्रचालन) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, श्री जयंत कृष्ण, सीईओ, एसएसडीसी तथा श्री राजेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव, एमएसडीई, भारत सरकार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।